तैयारी

ग्रेनो प्राधिकरण सभी पिलरों पर कराएगा पेंटिंग

एक्वा मेट्रो के पिलरों पर दिखेगी विरासत की झलक

अमर उजाला ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। एक्वा लाइन मेट्रो के पिलरों पर जल्द ही देश-प्रदेश की विरासत की झलक दिखेगी। पिलरों पर पेंटिंग कराई जाएगी, ताकि वह देखने में बेहतर लगें। साथ ही, लोगों तक एक संदेश भी पहुंच सके। इसे लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और एनएमआरसी के बीच पहले दौर की वार्ता हो चुकी है। इस पर जल्द ही फैसला हो सकता है।

नोएडा से ग्रेटर नोएडा के बीच एक्वा लाइन मेट्रो चल रही है। इसके कई स्टेशनों को पहले ही विभिन्न संस्थाएं ले चुकी हैं। सेक्टर अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट का स्टेशन एलआईसी व परी चौक स्टेशन जेपी ग्रुप को दिया गया है। ये प्रतिष्ठान ही स्टेशनों को सजाने-संवारने का काम कर रहे हैं। अब इस रूट के पिलरों को भी नया रूप देने की तैयारी है, ताकि कि कोई बाहर का व्यक्ति आए तो उसे अच्छा महसूस हो। नॉलेज पार्क क्षेत्र के पिलर में शिक्षा से संबंधित पेंटिंग कराई जाएगी। इसके अलावा किसी गांव के आसपास वाले पिलर में उस गांव की विरासत को उकेरा जाएगा। शहर और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों के पिलरों में प्रदेश की बड़ी विरासतों को उकेरा जाएगा। इसके अलावा देश की बड़ी चीजों को पेंटिंग से प्रदर्शित किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण चाहता है कि यह काम जल्द शुरू हो जाए। पेंटिंग स्कूल-कॉलेजों, कंपनियों और उद्यमियों के सहयोग से कराई जाएगी। वह पेंटिंग करने के साथ उसमें अपना नाम भी लिख सकेंगे। इस संबंध में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और एनएमआरसी के बीच बैठक हो चुकी है। दोनों संस्थाएं इस पर सहमत हैं।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो के पिलरों पर बनेगी आकृतियां।

पेंटिंग स्कूल-कॉलेजों, कंपनियों और उद्यमियों के सहयोग से कराई जाएगी